दिनांकः 06.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं अति भारी से अत्यंत भारी वर्षा हुई। वहीं कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 26 सेंटीमीटर पानी पाली में बरसा। जैसलमेर के पोकरण में 19 सेंटीमीटर, अजमेर के नसीराबाद में 17, जालौर के आहोर में 16, फलौदी में 11, बाडमेर के गिड़ा में 10 सेंटीमीटर बरसात दर्ज की गई। आज भी कई स्थानों पर सुबह से ही बादल छाए हुए हैं और बरसात का सिलसिला जारी है। राजधानी जयपुर में रुक–रुक कर हल्की बरसात हो रही है। बालोतरा के सिवाना में हल्की बूंदाबांदी हो रही है। जैसलमेर के पोकरण और रामदेवरा में आज सुबह से ही लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश से पोकरण के सालम सागर तालाब और रामदेवरा के रामसरोवर तालाब सहित सभी तालाब और नाड़ियां` लबालब हो गये हैं। जैसलमेर में तेज बारिश से सोनार दुर्ग की दीवार ढह गई। नगर परिषद ने एहतियात के तौर पर बेरीकेडिंग लगाकर दुर्ग की गलियों का रास्ता बंद कर दिया है। टोंक में लगातार हो रही बारिश से बीसलपुर बांध का जलस्तर बढ़ गया है। आज सुबह बांध का जलस्तर 311 दशमलव तीन आरएल मीटर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आज जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में रुक–रुक कर बारिश होने की संभावना है। जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, बाड़मेर और बीकानेर जिले के दक्षिणी भागों में कहीं–कहीं भारी और एक दो स्थानों पर अति भारी बरसात की संभावना है। वहीं भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में भी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। कल से जोधपुर संभाग में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। वहीं पूर्वी राजस्थान के कई स्थानों पर बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कोटा, भरतपुर, जयपुर तथा बीकानेर संभाग के कुछ क्षेत्रों में मध्यम से तेज बारिश की प्रबल संभावना है।

राज्य स्तरीय वन महोत्सव कल दूदू के गाडोता में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की 15 हैक्टेयर भूमि पर करीब 10 हजार पौधे लगाये जाएंगे। इनमें बरगद, पीपल, गूलर, पिलखन, बेलपत्र और कदम्ब के पौधे शामिल हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री, वन मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि, करीब एक सौ पौधे लगाएंगे। इन पौधों को मातृ वन के रूप में एक समूह बनाकर विकसित किया जायेगा। महोत्सव के दौरान अमृता देवी वृक्ष मित्र पुरस्कार भी दिया जाएगा।

लोक पर्व सिंजारा को लेकर आज प्रदेशभर में महिलाओं में उल्लास का माहौल है। इस अवसर पर महिलाएं और नव विवाहित युवतियां मेंहदी रचाकर विशेष श्रंगार कर रही हैं। नव विवाहित युवतियों के ससुराल से सिंजारा भेजा जा रहा है।

कल तीज का पर्व मनाया जाएगा। जयपुर के सिटी पैलेस की ज़नानी ड्योढ़ी से तीज माता की पारम्परिक शाही सवारी निकाली जाएगी। ये सवारी त्रिपोलिया गेट से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए, तालकटोरा पहुंचेगी। इस दौरान लोक कलाकार अपनी कला की छटा बिखेरेंगे। इस वर्ष पहली बार पर्यटन विभाग की ओर से तीज उत्सव का सोशल मीडिया पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। इसके साथ ही अल्बर्ट हॉल, बड़ी चौपड़ और छोटी चौपड़ पर भी एलईडी स्क्रीन्स पर तीज की सवारी का सजीव प्रसारण होगा। सालों पुरानी इस परम्परा को देखने के लिए बड़ी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक जुटते हैं। इसके लिए यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं। तीज के अवसर पर जयपुर में आधे दिन का अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके आदेश जारी किए है।

राज्य विधानसभा में आज पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने श्री भाभड़ा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। श्री भाभड़ा के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट करते हुए, सभी ने उनके योगदान की सराहना की।

जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में एक बाघ और बाघिन को शिफ्ट किया गया है। ये जोड़ा नागपुर के वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर से लाया गया है। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. अरविंद माथुर ने बताया कि इन दोनों को 21 दिन के लिए क्वॉरेंटाइन किया गया है। इसके बाद इन्हें नाहरगढ़ टाइगर सफारी के एंक्लोजर में छोड़ा जाएगा।